हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 24 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

11 भजन सम्राट कन्हैया व स्वाति के सुमधुर भजनों में झूमे श्रोता

12 लोकतंत्र का महापर्व : नगरी ब्लॉक में मतदाताओं का उत्साह चरम पर...




## खबर संक्षेप

### मधुबन मेला स्थल का आवंटन आज

**मगरलोड।** मधुबन मेला महोत्सव एवं श्रीराम महायज्ञ 1 से 9 मार्च तक आयोजित किया गया है। नव दिवसीय मधुबन मेला में व्यापारियों के लिए स्थल का आवंटन 24 फरवरी को किया जाएगा। यह जानकारी मधुबन मेला एवं श्रीराम महायज्ञ समिति अध्यक्ष शत्रुहन साहू ने दी है।

### गणेशपुर में आज से कबीर सत्संग समारोह

**जीजामगांव।** सत्संग सेवा समिति, बोल बम सेवा समिति, रामायण सेवा समिति तथा ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गणेशपुर में तीन दिवसीय



सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 24 फरवरी से किया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि समारोह में लहरतारा काशी से सुधाकरदास शास्त्री साहेब, संत गौतम दास, संत टुकेश्वर दास, संत अनुपम दास, संत रामचंद्र दास, दिनेश दास, विवेक दास आयेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

### ब्राम्हण समाज का चुनाव 9 को

**धमतरी।** ब्राम्हण समाज धमतरी जिला इकाई का चुनाव 9 मार्च को राधाकृष्ण भवन महालक्ष्मी ग्रीन धमतरी में होगा। निर्वाचन अधिकारी डा. अनंत दीक्षित ने बताया कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष के लिए नामांकन पत्रों का विक्रय 24 फरवरी को सुबह 11 से 3 बजे तक, नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 1 मार्च दोपहर 3 बजे तक, नामांकन जांच 1 मार्च शाम 4 बजे व नाम वापसी 3 मार्च को 1 बजे तक होगी। मतदान 9 मार्च को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक होगा। मतदान के बाद परिणाम जारी होगा।

### युवक ने लगाई फांसी

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार स्थानीय



रामसागरपारा निवासी दुलचंद ध्रुव पिता वासुदेव उम्र 45 वर्ष जनरेटर मरम्मत का काम करता था। कुछ दिनों से युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। युवक ने शनिवार की शाम अपने घर के कमरे में लगे सिलिंग पंखे में कपड़े की रस्सी का फंदा फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजनों ने कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। रविवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए मंथन शुरू, कई दावेदार लाइन में

# दो चरण में ही जिला पंचायत में भाजपा का हुआ कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पंचायत चुनाव कम्पलीट होने से पहले ही जिला पंचायत में स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। दो चरण में हुए मतदान में भाजपा को इतनी बढ़त मिल चुकी है कि जिला पंचायत में बिना जोड़-तोड़ के उनकी सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री के समधी को अध्यक्ष के रूप में देखा जा रहा है। वहीं उपाध्यक्ष के लिए मंथन चल रहा है।

रविवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण में सिहावा-नगरी में मतदान हुआ। इससे पहले धमतरी और मगरलोड जनपद क्षेत्र में पहले चरण में और कुरूद जनपद क्षेत्र में दूसरे चरण में मतदान हुआ। इन दो चरणों में ही जिला पंचायत में सरकार की स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। धमतरी के 4 जिला पंचायत क्षेत्र में से 3 में भाजपा का कब्जा है। यही स्थिति कुरूद में है। मगरलोड के दोनों जिला पंचायत क्षेत्र में भाजपा ने बाजी मारी है। ऐसे में दो चरणों में हुए 10 सीटों के चुनाव में भाजपा ने 8 सीट पर जीत दर्ज की है। 2 सीट में कांग्रेस आई है। तीसरे चरण का मतदान रविवार को हुआ। जहां पर जिला पंचायत के तीन क्षेत्र के लिए मतदान हुआ। उल्लेखनीय है कि दो ही चरण के चुनाव में भाजपा ने इतनी बढ़त दर्ज कर ली है कि यदि तीसरे चरण में एक भी सीट नहीं आती है तब भी जिला पंचायत में बिना जोड़ -तोड़ के उनकी सरकार बनेगी। नगरी जनपद में जो सीटें भाजपा की झोली में आएंगी, वह उनके लिए बोनस होगा।



### बढ़ सकती है दावेदारों की संख्या

जिला पंचायत धमतरी में कुल 13 क्षेत्र हैं। ऐसे में बहुमत के लिए मात्र 7 सीट ही काफी है। दो चरणों में 10 सीटों का रिजल्ट चुका है, जिसमें भाजपा को 8 सीट मिल चुकी है। ऐसे में तय है कि जिला पंचायत की सत्ता में उलटफेर होगा। पांच साल से यहां पर कांग्रेस की सत्ता रही। अब भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष होंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्ष की दौड़ में सबसे आगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समधी टीकाराम कंवर हैं। वे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से जीतकर आए हैं। वहीं गौकरण साहू ने भारी मतों से जीत हासिल की है। वे भी अध्यक्ष पद के दावेदार है। इन दोनों के अतिरिक्त कई अन्य जिला पंचायत सदस्यों को भी दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। नगरी जनपद का रिजल्ट आने के बाद दावेदारों की संख्या और बढ़ सकती है।

### ये आए हैं जीतकर

| | |
|---|---|
| क्षेत्र क्र.-1. | पूजा राजू सिन्हा (भाजपा) |
| क्षेत्र क्र.-2. | कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़ (भाजपा) |
| क्षेत्र क्र.-3. | गौकरण साहू (भाजपा) |
| क्षेत्र क्र.-4. | नीलम चंद्राकर (कांग्रेस) |
| क्षेत्र क्र.-5. | धनेश्वरी भूपेश साहू (भाजपा) |
| क्षेत्र क्र.-6. | कविता योगेश बाबर (कांग्रेस) |
| क्षेत्र क्र.-7. | मोनिका ऋषभ देवांगन (भाजपा) |
| क्षेत्र क्र.-8. | मीना डेमूराम (भाजपा) |
| क्षेत्र क्र.-9. | टीकाराम कंवर (भाजपा) |
| क्षेत्र क्र.-10. | अनीता ध्रुव (भाजपा) |

# अंतिम समय में पंजीयन कराने लग रही भीड़

## समर्थन मूल्य पर 1 मार्च से शुरू होगी चना की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चना की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने में मात्र पांच दिन शेष हैं। ऐसे में पंजीयन की रफ्तार तेज हो गई है। गांवों में पटवारी बैठकर किसानों के फार्म में दस्तखत कर रहे हैं। समितियों में पंजीयन के लिए भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में इस बार सत्यापन के लिए शायद ही वक्त बचेगा।

इस साल राज्य शासन ने चना, सरसों और मसूर को समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लिया है। चना के लिए समर्थन मूल्य 5650 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर के लिए 6700 और सरसों के लिए 5950 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। समर्थन मूल्य पर खरीदी का निर्णय थोड़ा विलंब से लिया गया। यही नहीं पंजीयन भी विलंब से चालू किया गया। समितियों से फार्म लाना, फार्म भरना और पटवारी से दस्तखत लेना, पंजीयन के लिए फार्म जमा करना। इस प्रक्रिया में ही चार पांच दिन का वक्त लग रहा था, जिसके चलते बड़ी संख्या में किसान पंजीयन नहीं करा पाए हैं। अब पंजीयन के अंतिम चरण में किसान सब कार्य को छोड़कर पंजीयन करवाने में ध्यान दे रहे हैं। वहीं पटवारी सहित समितियों के कर्मचारी भी पंजीयन निबटाने में लगे हैं। कई गांवों में पटवारी बैठकर किसानों के फार्म दस्तखत कर रहे हैं। आधे अधूरे और बिना भरे फार्म में भी दस्तखत कर रहे हैं।

### सत्यापन में आएगी समस्या

पंजीयन के लिए अधिकृत रूप से कोई तारीख की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन 1 मार्च से खरीदी शुरू हो रही है। इस हिसाब से माना जा रहा है कि 28 मार्च तक किसानों का पंजीयन किया जाएगा। ऐसे में किसानों के पास पंजीयन के लिए काफी कम वक्त शेष है। मात्र पांच दिन में ही पंजीयन कराना है। उधर पंजीयन के साथ किसानों की फसल का सत्यापन भी किया जाएगा। वक्त कम होने के कारण सत्यापन करने में समस्या आ सकती है।


## रूद्री बरॉज में चल रहा पिंचिंग का काम पुराने पिकअप वियर का रास्ता हुआ ब्लाक

# पत्थर तोड़ने से महानदी का बहाव रूका, प्रदूषण का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पिंचिंग के नाम पर रूद्री बरॉज के पुराने पिकअप वियर का रास्ता बंद कर दिया है। ठंड और गर्मी के मौसम में थोड़ा बहुत पानी का जो फ्लो रहता था, अब वह बंद हो गया है। ऐसे में नदी की स्थिति तालाब जैसी हो गई है। यहां पर कर्मकांड आदि भी होते रहते हैं। जल में सामग्रियों के विसर्जन होते रहने से नदी में दुर्गंध और गंदगी का खतरा बढ़ गया है।

बारिश के मौसम में महानदी में ज्यादा फ्लो होने पर गंगरेल के गेट खोल दिए जाते हैं। गंगरेल से यह पानी रूद्री बरॉज में आता है। जहां से जरूरत के हिसाब से पानी नहर में छोड़ा जाता है। बाकी पानी बाढ़ के रूप में नदी में छोड़ दिया जाता है। पिछले चार- पांच साल से हर बारिश में बाढ़ की स्थिति बन रही थी, जिसके चलते बड़ी मात्रा में पानी नदी में छोड़ा गया। नदी में हर साल भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से गेट के सामने की पिंचिंग खराब हो गई है। सिंचाई विभाग द्वारा इस पिंचिंग की कम्पलीट मरम्मत की जा रही है। इसके लिए टेंडर भी निकाला गया है। इसके अतिरिक्त टो-वाल की भी मरम्मत की जा रही है। विडंबना यह है कि मरम्मत के दौरान पुराने पिकअप वियर के रास्ते में पत्थरों को तोड़ा गया लेकिन पत्थरों को हटाया नहीं गया है। इससे पुराने पिकअप वियर से पानी का रास्ता ब्लाक हो गया है। गर्मी के मौसम में भी यहां पर थोड़ा बहुत पानी चलता रहता था, अब बीच में पत्थर आ जाने से नदी में पानी चलना बिल्कुल बंद जैसा हो गया है।





### नदी में बढ़ी गंदगी

पानी का फ्लो बंद होने से नदी की स्थिति तालाब जैसी हो गई है। पहले थोड़ा बहुत पानी जाता था, जिससे प्रदूषण का खतरा कम था। अब तो जाम पानी में ही कर्मकांड सहित अन्य कार्य होंगे। इस दौरान नदी में कई सामग्रियां विसर्जित की जाएंगी, जिनके सड़ने से नदी में दुर्गंध और प्रदूषण का खतरा रहेगा। यहां रोजाना लोग घूमने आते हैं। दुर्गंध के बाद उनका घूमना भी बंद हो जाएगा।

### नहीं हुई है सफाई

लंबे समय से नदी की सफाई नहीं हुई है। गणपति, मां दुर्गा, देवशिल्पी विश्वकर्मा आदि की मूर्तियां रूद्री में ही विसर्जित की गई थीं। आज तक इन मूर्तियों के अवशेष नदी में किनारे पड़े हुए हैं। नदी में कई बार पानी छोड़ा जा चुका है। हाल ही में माघी पुन्नी पर पुण्य स्नान के लिए भी पानी छोड़ा गया था। इसके अतिरिक्त अंतिम संस्कार के दौरान लोग कई प्रकार की सामग्रियों को नदी में छोड़ देते हैं। इससे भी नदी बुरी तरह से प्रदूषित हो रही है।

### नहीं रूकेगा पानी का रास्ता

पिंचिंग कार्य जारी है। इस दौरान पुराने पिकअप वियर का रास्ता क्लियर किया जा रहा है। पानी के रास्ते में पत्थर थे। इससे दुर्घटना का खतरा भी था। इसे देखते हुए इन पत्थरों को हटाया जा रहा है। पानी का रास्ता ब्लाक नहीं होगा। वैसे भी जब पानी फ्लो में आता है तो वह अपना रास्ता बना ही लेता है।

- **आरएन वार्डे**, *एसडीओ डैम-2*

# मराठा समाज ने देखी संभाजी राव पर बनी फिल्म छावा

- **फिल्म में संभाजी के युद्ध कौशल, वीरता और मातृभूमि के प्रति प्रेम को दिखाया गया है : दीपक**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्रपति संभाजी महाराज की शौर्यगाथा पर आधारित फिल्म छावा को देखने मराठा समाज छबिगृह पहुंचा। सभी समाजजनों ने एकसाथ फिल्म देखी।

मराठा समाज के अध्यक्ष दीपक लोंढे, आनंद पवार, बृजेश जगताप, लोकेश पवार, शक्तिमान बाबर, अशोक कावड़े, नम्रतामाला पवार ने बताया कि फिल्म छावा छत्रपति संभाजी महाराज के साहस और बलिदान की प्रेरक कहानी पर आधारित है। फिल्म में मराठा योद्धा और मुगल शासक औरंगजेब के बीच हुई ऐतिहासिक लड़ाई को दिखाया गया है। संभाजी महाराज छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र और मराठा साम्राज्य के दूसरे छत्रपति थे। वे एक साहसी योद्धा, कुशल रणनीतिकार, धर्म के प्रति अडिग थे। फिल्म में उनके युद्ध कौशल, वीरता और मातृभूमि के प्रति प्रेम-निष्ठा को दिखाया गया है। देश के नवयुवकों को यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। भारत देश के विरासत और इतिहास को नजदीक से देखने और समझने का मौका मिलेगा। पाठ्यपुस्तकों में संभाजी महाराज का जिक्र नहीं किया गया है। पिता की तरह पराक्रमी योद्धा संभाजी को लोग छावा यानी शेर के बच्चे कहकर बुलाते थे। फिल्म में गुरिल्ला युद्ध तथा संभाजी महाराज को धोखे से घेरने वाले दृश्य को भी दिखाया गया है।

फिल्म देखने महेंद्र गायकवाड़, वैभव रणसिंह, ऋषभ घोरपड़े, सतीश जाधव, प्रकाश पवार, धर्मेंद्र पवार, पवन जाधव, सतीश पवार, अखिलेश पवार, सुशील पवार, विक्रांत पवार, आशीष थिटे, हितेश रणसिंह, दुष्यंत घोरपड़े, वरूण घाटगे, रितेश पवार, सौरभ रणसिंह, दुष्यंत निम्बालकर, गौरव मगर, आदित्य पवार, आदर्श पवार, आदित्य जगताप, सौरभ पवार, विशाल बाबर, नीता रणसिंह, श्रीलेखा जाधव, भावना घोरपड़े, राजश्री रणसिंह, स्नेहा देशमुख, रोशनी पवार, सुकांत पवार, अभिषेक जगताप, सागर पवार, वैभव घाटगे, अनुभव रणसिंह, विपुल पवार, सूर्याराव पवार, माघवराव पवार, महेंद्रराव बाबर, रविंद्रराम माने, हिरेंद्रराव पवार सहित सैकड़ों समाजजन पहुंचे थे।




# पेट्रोल पंप में कर्मचारी से कैश छीनकर भागा आरोपी




कोसमर्रा पेट्रोल पंप की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पेट्रोल पंप पर काम कर रही युवती के हाथों से अज्ञात आरोपी द्वारा नकदी छीनकर भागने की घटना सामने आई है।

पुलिस के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमर्रा निवासी हेमन्त कुमार साहू पिता कृष्ण कुमार उम्र 46 वर्ष का भखारा-धमतरी मेन रोड कोसमर्रा में श्री कृष्ण एचपी फ्यूल्स के नाम से पेट्रोल पंप है। यहां कु. खिलेश्वरी साहू वाहनों में पेट्रोल डालने का काम करती है। बीते दिनों युवती रोजाना की तरह पेट्रोल पंप में काम करने आई थी। वाहनों में पेट्रोल डालने के बाद बिक्री रकम को अपने हाथ में रखी थी। इसी दौरान शाम को अज्ञात व्यक्ति पेट्राल पंप पहुंचा और युवती के हाथों में रखी बिक्री रकम 32 सौ रूपये को छीनकर भाग गया। घटना की फुटेज पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पेट्रोल पंप के संचालक हेमन्त साहू की लिखित शिकायत पर भखारा पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 304-2 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश में जुटी है।


## इतवारी बाजार अपडेट : मुनगा, धनिया, ढेंस, कोचई, कटहल 80 रुपए किलो बिका

# तापमान में बदलाव व आपूर्ति में कमी से हरी सब्जियों के दाम बढ़ने लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गर्मी सीजन के आगमन के साथ ही हरी सब्जियों के उत्पादन में फर्क आ गया है। अंचल के असिंचित क्षेत्र में पानी की कमी के कारण हरी सब्जियों की बुवाई नहीं हो सकी है। इससे बाजारों में सप्लाई कम हो गई है। सब्जियों की कमी का असर रेट पर पड़ा है। कम आवक से मनपसंद सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि बाजार में आधे से ज्यादा सब्जियों के दाम धीरे धीरे बढ़ने लगे हैं।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार की शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ थी। शादी सीजन के कारण गांवों से लोग बड़ी संख्या में बाजार पहुंचे थे। सब्जियों के भाव पूछकर आगे बढ़ते गए। सस्ती सब्जी की खरीददारी की। सब्जी व्यवसायी तरूण सोनकर, लता सोनकर ने बताया कि रविवार को मुनगा, कोचई, धनिया, ढेंस, कटहल 80 रुपए किलो बिका। करेला, ग्वारफल्ली, अदरक, मेथी भाजी 60 रुपए किलो रहा। करेला, भिंडी, मिर्च, डोड़का, तोरई 50 रुपए किलो बिका। बरबट्टी, केला, शिमला मिर्च, सेमी, मटर 40 रुपए किलो रहा। भटा, गाजर, कुम्हड़ा, गोभी, पत्तागोभी, मूली, नवलगोल 30 रुपए किलो रहा। टमाटर-लौकी 10 रूपए किलो बिका।





### लहसुन 100 रुपए किलो अरहर दाल 120

250 से 300 रुपए किलो बिकने वाला लहसुन अब 100 रुपए किलो बिक रहा है। रेट कम होने से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। इस तरह दाल के रेट कम हो गए हैं। अरहर दाल 180 की बजाय अब 120 रुपए किलो में मिलने लगी है। किराना व्यापारी देव कुमार रामजी भाई ने बताया कि रविवार को आलू 20, प्याज 40, शक्कर 45, गुड़ 48, हल्दी खड़ी 150-200, मिर्च खड़ी 200-300, धनिया 100, जीरा 270, काली मिर्च 780, रिफाइंड तेल 135, सरसो 75, मेथी 80, राहरदाल 100-120, मूंगदाल 110, उड़ददाल 110, मसूरदाल 85, चना देशी 80, काबुली चना 120, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चनादाल 80, पोहा 50 रुपए किलो रहा। अंडा इस सप्ताह 65 रुपए दर्जन रहा।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### अंदरूनी क्षेत्रों में स्काउट गाइड्स ने किया सहयोग

**कांकेर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के अनुरूप छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन के अंतिम चरण के चुनाव में अंतागढ़, कोइलीबेडा, विकासखंड के अंदरूनी क्षेत्र आमाबेड़ा तालाबेड़ा फूफगांव, सहित अन्य मतदान केंद्रों में बुजुर्ग दिव्यांग गर्भवती महिला एवं पुरुष मतदाताओं के सहयोग के लिए भारत स्काउट एवं गाइड्स के छात्र-छात्राओं ने मतदाता मित्र के रूप में अपनी सेवाएं दी तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक सकुशल पहुंचकर सहयोग प्रदान किया।

## निधन

### कृष्ण कुमार साहू



**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव के प्रतिष्ठित व्यक्ति कृष्ण कुमार साहू का निधन 23 फरवरी रविवार को हो गया। वे पीकांत साहू, अमित साहू एवं देवेंद्र साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के शांतिघाट में किया गया। उनके निधन पर वेदवती साहू, कचरा बाई, पुरानिक राम, मोहनलाल, नारद, विश्वनाथ, संतोष, युगलकिशोर, मेघराज, शेखर, निखिल, नितिन, निश्चल, पोषण, शानू , वासु, खुशहाल, पार्थ सहित ग्रामीणों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

### मूलचंद यादव



**सिर्री।** ग्राम गातापार (सिर्री) निवासी मूलचंद यादव 30 वर्ष का निधन 23 फरवरी रविवार को हो गया। वे चैतूराम यादव के पुत्र थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने गयालाल यादव, नोहर यादव, नंदू ध्रुवंशी, जितेंद्र यादव, केशरी ध्रुवंशी, मुकेश यादव सहित परिजन, समाजजन, ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### भरत ध्रुवंशी



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा निवासी भरत ध्रुवंशी 59 वर्ष का निधन 20 फरवरी गुरुवार को हो गया। वे सुकारोबाई के पुत्र, शकुनबाई के पति एवं गौकरण ध्रुवंशी के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम डांडेसरा के शांतिघाट में किया गया। मौके पर शत्रुहन, रेखूराम, लखन, उत्तम, मनीष, प्रकाश, नागेन्द्र, भानुप्रताप, रुपेश, गोपेश सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मेहत्तरराम साहू



**अंवरी।** ग्राम करगा निवासी मेहत्तरराम साहू का निधन 21 फरवरी को हो गया। वे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे चुनियाबाई साहू के पति एवं द्वारिकानाथ साहू, खूबचंद एवं तिलकराम साहू के पिता थे। उनकी अंत्येष्टि गृहग्राम के शांतिघाट में हुई। अंत्येष्टि कार्यक्रम में परिवारजन, समाजजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### टोमनलाल साहू

**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी टोमनलाल साहू का निधन 20 फरवरी गुरुवार को हो गया। वे अपने पीछे मां रूक्मणि साहू, पत्नी फगेश्वरी साहू सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिकजन उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी मो. 9174466336

गोंड़ आदिवासी समाज के वार्षिक सम्मेलन में अतिथियों ने रखे विचार

# वर्ण व्यवस्था समाज के विकास में बाधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज परिक्षेत्र कुरूद का वार्षिक सम्मेलन 22 फरवरी को ग्राम चरमुड़िया के आदिवासी भवन में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा आदिवासियों के इष्ट देव बूढ़ादेव की पूजा अर्चना की गई। समाज की महिलाओं ने कलश लेकर गोंडी नृत्य के साथ गांव भ्रमण किया। बालिकाओं ने आदिवासी वेशभूषा धारणकर जल तर्पण एवं आरती कर स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों के साथ पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित समाज के जनप्रतिनिधियों का स्वागत सम्मान किया गया।

शुभारंभ के प्रथम सत्र एवं द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि द्वय बसंत ध्रुव, सुखीतराम छेदैया ने कहा कि समाज के लोग प्रकृति को ही जीवनदायिनी ईश्वर स्वरूप मानकर प्रकृति का संरक्षण करते थे। गोंडवाना लैंण्ड में जल जंगल जमीन के साथ एककार हो प्रकृति जीवन जीते थे। जहां एक दूसरे का कोई भेदभाव नहीं था। किंतु वैदिककाल से ही मानव में गैर बराबरी को स्थापित करने के लिए पहले वर्ण व्यवस्था, फिर जाति व्यवस्था की अमानवीय नींव रखी गई जिसके परिणाम स्वरूप आज भी लोग भिन्न-भिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति एवं उपजातियों में बंटे हुए हैं और यही देश के विकास में सबसे बड़ा बाधक है। कोई भी व्यक्ति जन्म से छोटा या बड़ा नहीं हो सकता। विशिष्ट अतिथि हरिश्चंद्र मांडवी ने कहा गोड़ हिंदू नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय अनुसार उनकी अलग परंपरा, रीति, रिवाज, रूढ़ि, परंपरा अलग पहचान है। ललित ठाकुर अध्यक्ष गोड़ समाज तहसील कुरूद ने कहा कि उच्च शिक्षा ग्रहण कर नौकरी करना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि रोजगार, स्वरोजगार, मूलक कार्यों में ध्यान देना चाहिए। सभा को बोधन ध्रुव सेवानिवृत शिक्षक, परिक्षेत्र अध्यक्ष लकेश्वर नेताम, तेजराम छेदैया उपाध्यक्ष, राजकुमारी ध्रुव, किरण छेदैया ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण समाज के बच्चों द्वारा प्रस्तुत गोंडी नृत्य, कर्मा, सुआ आदिवासी नृत्य रहा। नवनिर्वाचित समाज के जनप्रतिनिधि पोखराज नेताम, राधेलाल मांडवी, संजू कोहकटा, योगेंद्र मरकाम, संतोषी ध्रुव, केशरी भूषण छेदैया, राजकुमारी छेदैया, संतोषी समयलाल छेदैया का पीला गमछा, प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बोधन छेदैया, जन्मजेय, भरोसा पडोटी, खेलन ध्रुव, बालमुकुंद नेताम, शिवप्रसाद ध्रुव, रामायण ध्रुव, घनश्याम कुंजाम, दीपक सोरी, शिवदयाल नेताम, कमल सोरी, अक्तूराम ध्रुव, सनी ओटी, गोपी ध्रुव, रोशन ध्रुव, बिसहत मांडवी, भुवन नेताम, बुधारू छेदैया, मनोज नेताम, श्यामलाल नेताम, परदेसी मरकाम सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित थे।

# सिवनीकला में लता बनी सरपंच टेकराम जनपद सदस्य निर्वाचित



■ सिवनीकला की जनता ने कांग्रेस का किया सूपड़ा साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत सिवनीकला में बीजेपी प्रत्याशी लता जीतेश्वर ध्रुव ने सरपंच पद पर अपनी जीत का परचम लहराया है। 20 फरवरी को हुए मतदान में लता को जनता ने 328 वोटों से लीड दिलाकर सरपंच चुना है। भाजपा के ही पंच प्रत्याशियों ने भी अपने वार्ड में ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया है। इसी तरह जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 13 के सिवनीकला, परसवानी, दहदहा, मौरीखुर्द, मेंडरका, भोथली, कोकड़ी से बीजेपी प्रत्याशी टेकराम साहू ने 868 वोटों से जीत हासिल कर बीजेपी का परचम लहराया है। नवनिर्वाचित सरपंच, पंच और जनपद सदस्य सहित कार्यकर्ताओं ने 21 फरवरी को डीजे धुमाल में नाचते गाते आतिशबाजी के साथ गांव में विजय जुलूस निकाला।

चुनाव प्रभारी दाऊ टकेश्वर चंद्राकर ने कहा कि सिवनीकला की जनता ने गांव का विकास करने भाजपा की सरकार पर भरोसा जताया है। सुशील साहू पूर्व जनपद सभापति ने कहा कि बीजेपी की सरकार में निरंतर गांवों का विकास हो रहा है।

मौके पर विक्रम साहू, चंद्रप्रकाश साहू, दाऊ केवल चंद्राकर, कपिल देव पटेल, दिलीप साहू, खिलावन चंद्राकर, सुरेश तारक, रामेश्वर साहू, राजेंद्र निर्मलकर, पुरूषोत्तम पटेल, केवल साहू, ललित पटेल, बालाराम पटेल, घनश्याम साहू, भूषण साहू, फेकू चंद्राकर, भोज तारक, कुंजीलाल साहू, तोषण साहू, भागी निर्मलकर, नंद साहू, संत साहू, पेमन साहू, राधे, डीहू, राधिका, बोधन, डगेश, मोहन, नरेश समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इशारों में हुई बात और हमेशा के लिए एक दूजे के हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



जोड़ी भगवान के घर से बनकर आता है। इस कहावत को इस जोड़ी ने सच कर दिखाया है। नगरी में एक ऐसा विशेष विवाह हुआ जिसमें वर और वधु दोनों मूकबधिर हैं। सुनने और बोलने में असमर्थ हैं। एक दूसरे को पसंद किया और एक दूजे के हो गए। अधिवक्ता अभिषेक जैन ने बताया कि कोंडागांव से विमल बुरड़ परिवार के लोग लड़की देखने नगरी में भोमराज जैन के यहां आए। मूकबधिर लड़का-लड़की ने इशारों में ही बातचीत कर एक दूसरे को समझकर एक दूसरे के हो गए। सगाई एवं शादी का रिश्ता एक साथ किया गया। इस विवाह की चर्चा पूरे दिन नगर में होते रही। लोगों की जुबान में बस एक ही बात थी कि भगवान सबकी जोड़ी पहले से बनाकर रखता है।

कथावाचक हलधरनाथ योगी ने शंकर शब्द की व्याख्या बताई

# कलश यात्रा के साथ नगर में शिवपुराण कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



नगर में जलेश्वर महादेव मंदिर व चंडी मंदिर के समीप शिव महापुराण की कथा 22 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित है। कथा के प्रथम दिवस शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष भक्त सहित ग्रामवासी शामिल हुए।

कथावाचक आचार्य पंडित हलधरनाथ योगी कोपरा वाले ने बड़े ही सरल शब्दों के साथ शिव महापुराण कथा का श्रद्धालुओं को श्रवण कराया। आचार्य ने कहा भगवान शिव की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि व आनंद देने वाली है क्योंकि भगवान शिव कल्याण एवं सुख के मूल स्त्रोत हैं। आचार्य ने शंकर शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि शं का अर्थ कल्याण और कर का अर्थ है करने वाला, वे संपूर्ण विद्याओं के ईश्वर, समस्त भूतों के अधीश्वर, ब्रह्मवेद के अधिपति तथा साक्षात परमात्मा हैं। सृष्टि के कल्याणकारी देव महादेव शिव शंकर ही ऐसे देव हैं जो मात्र एक लोटा जल श्रद्धाभाव से ग्रहण कर मानव के जीवन को सरल बना देते हैं।

# गंगा प्रसाद गणेशपुर के सरपंच निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत गणेशपुर में दो प्रत्याशी गंगाप्रसाद मिश्रा एवं शेषनारायण साहू के बीच कड़ा मुकाबला था जिसमें गंगाप्रसाद मिश्रा 284 मतों से विजय प्राप्त कर गणेशपुर के सरपंच निर्वाचित हुए। दिलचस्प बात यह रही कि वार्ड क्रमांक 10 का पंच कैलाश निषाद बीमार होने के कारण हास्पिटल में भर्ती है। वह अपना मत भी नहीं दे पाया फिर भी वह 3 मतों से विजयी रहे। ग्रामीणों न नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का स्वागत किया।

# जब भगवान ज्ञान की बूंद देते हैं, तो विकारों की मैल उतर जाती है : बीके सरिता



■ प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्थान जीजामगांव ने 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जीजामगांव द्वारा 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव मनाया गया। मुख्य वक्ता एवं अतिथि बीके सरिता धमतरी मुख्य सेंटर थीं। शिवांगी और वेदिका ने स्वागत डांस किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीके सरिता, बीके रेखा, बीके करुणा, बीके जागेश्वरी, देवचरण चंद्राकर सरपंच, बंशीलाल पटेल, संतराम साहू ,डॉक्टर ललित निषाद, सीमा पटेल ने किया।



इस अवसर पर बीके रेखा ने कहा कि परमात्मा को जानने और सुनने के लिए आप सभी ने अपना कीमती समय निकाला। यह समय परिवर्तन का चल रहा है। स्वयं को श्रेष्ठ बनाने के लिए भगवान का ज्ञान जरूर सुने। बीके सरिता ने कहा कि ब्रह्माकुमारी शिवरात्रि को महोत्सव के रूप में मनाते हैं। ब्रह्माकुमारीज शिव की ही संस्था है। यहां शिव का ही महावाक्य सुना जाता है। सारी सृष्टि का उद्धार करने वाला, सर्व को गति-सद्गति देने वाला वह जगत नियंता है। जिनकी पूजा भारत में 12 ज्योतिर्लिंग के रूप में की जाती है। जब इस संसार में दुख, अशांति बढ़ जाती है तो ऐसे समय में हमें शांति, आनंद, प्रेम की जरूरत है। लेकिन इसके बदले काम, क्रोध, लोभ, एक-दूसरे के प्रति कटुता बढ़ती जा रही है। आत्मा में जन्म-मरण के चक्कर में आते-आते पांच विकार की मैल चढ़ गई है। जब भगवान ज्ञान की बूंद देते हैं, तो विकारों की मैल उतर जाती है। शिव और शंकर दोनों अलग-अलग है। डॉ ललित निषाद ने कहा कि हमें सुख, शांति, आनंद तभी मिल सकता है, जब हम ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम से जुड़े रहें। संतराम साहू ने कहा कि शिवरात्रि का यह कार्यक्रम भव्य, दिव्य और नव्य रहा। शिव परमात्मा को जानने के लिए उसका ज्ञान जरूरी है। देवचरण चंद्राकर सरपंच ने कहा कि ब्रह्माकुमारियों ने यहां हम सभी को शिव का ज्ञान दिया। कार्यक्रम के अंत में नवनिर्वाचित सरपंच-पंच तथा मुख्य अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मनोहर, चंद्रहास, परमेश्वर, गोपी, कृष्णा, प्रहलाद, देवराज, पुष्पराज, दार्मेंद्र, राजेश्वरी माता, राधा, संगीता, राधिका, रागिनी, पुन्नी, चमेली, शांति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीके देवराज ने किया।

शाउमावि मगरलोड में कक्षा 8वीं, 12वीं के छात्रों के लिए रखा विदाई समारोह

# शिक्षक व विद्यार्थी विदाई समारोह में हुए भावुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



शाउमावि मगरलोड में कक्षा 12वीं एवं मिडिल विभाग अंग्रेजी माध्यम कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को समारोह में विदाई दी गई। मुख्य अतिथि ओम शांति सेंटर मगरलोड की संचालिका बीके अखिलेश थी। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य आत्माराम साहू ने की। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मिडिल विभाग की बालिकाओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि अखिलेश ने बच्चों को संकल्प शक्ति, मन की एकाग्रता और सकारात्मक सोच का महत्व समझाया। योग को दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानपाठक वीरेंद्र सरल ने बच्चों को आलस्य त्यागकर कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। वरिष्ठ व्याख्याता सियाराम कुर्रे ने परीक्षा के दौरान मोबाइल से दूर रहकर पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने को कहा। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य आत्माराम साहू ने कहा कि पढ़ाई खत्म होने के बाद नौकरी न मिले तो निराश नहीं होना, जो भी काम करो उसे प्रेम से करना। शालानायक हेमचंद साहू और ईश्वरी साहू ने विद्यालय में बिताए पल को जीवन की अनमोल पूंजी बताया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने निशानी के रूप में मां सरस्वती की मूर्ति भेंट की।

कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष मंशाराम साहू, गुलशन साहू, श्रीमती दुर्गा साहू, कमलेश मारकंडे, लोमन यादव, तुलाराम टंडन उपस्थित थे। शिक्षक व विद्यार्थी विदाई की इस घड़ी में भावुक नजर आए। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रीतिभोज कराया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता हेमंत रजक के मार्गदर्शन में तेजस्वी और गिरधर ने किया।

## मुरा में प्रीमियर लीग का आगाज



**जीजामगांव।** ग्राम मुरा में 20 दिवसीय प्रीमियर लीग का आगाज हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भानु चन्द्राकर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अन्य अतिथि नवनिर्वाचित जनपद सदस्य चंचल साहू, सरपंच राकेश साहू थे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।

# भोग भंडारा में हाथ बंटा रहे समाज के पदाधिकारी






■ राजिम में माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक भोग भंडारा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

साहू समाज राजिम भक्तिन समिति राजिम के तत्वाधावन में कुंभ कल्प मेला राजिम में 11 फरवरी माघ पूर्णिमा से लेकर 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक भोग भंडारा का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष लालाराम साहू, उपाध्यक्ष होरीलाल साहू एवं अन्य सदस्यों द्वारा भी इस वर्ष भी महानदी के तट पर भोग भंडारा का आयोजन निःशुल्क किया गया है। । होरीलाल साहू ने बताया कि प्रतिदिन हजारों दर्शनार्थी कुंभ कप मेला का दर्शन करने आते हैं। उन्हें निःशुल्क भोजन करा रहे हैं। भोग भंडारा का कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक चलता है। होरीलाल साहू ने भोग भंडारा के लिए 12000 रूपये का अंशदान अपने मित्रों सहित किया है। उनके इस कार्य से प्रभावित होकर राजिम भक्ति समिति ने उनका सम्मान किया।

Pride of Dhamtari

सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार


ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर
धमतरी | भवन सुविधा उपलब्ध | शांतिपुर पुरूर
निगम सामुदायिक भवन राखेचा भवन
94063-16777
73890-66777
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

चुनाव: 92 सरपंचों, 25 जनपद सदस्यों और 3 जिला पंचायत सदस्यों के लिए डाले गए वोट

# लोकतंत्र का महापर्व : नगरी ब्लॉक में मतदाताओं का उत्साह चरम पर, दूल्हे राजा ने भी निभाया लोकतांत्रिक फर्ज

## अतिसंवेदनशील क्षेत्र की मतगणना आज • बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने दिखाया जोश, मतदान केंद्रों पर उमड़ी भीड़

■ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नगरी जनपद क्षेत्र में कुल 1 लाख 27 हजार 251 मतदाताओं ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में नगरी ब्लॉक में 92 सरपंचों, 25 जनपद सदस्यों और 3 जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान हुआ। इस दौरान जनपद क्षेत्र के 1,27,251 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें 65,656 महिलाएं, 61,593 पुरुष और एक अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल रहे। नगरी जनपद क्षेत्र में कुल 102 ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिए चुनाव हुए, जिनमें से 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। 328 सरपंच पद के प्रत्याशी और 1,284 पंच पद के उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। 25 जनपद सदस्य पद के लिए 82 प्रत्याशी और 3 जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में थे।

इस चुनाव में महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी सराहनीय रही। कई बुजुर्ग मतदाता, जो चलने-फिरने में असमर्थ थे, उन्हें उनके परिवारजन या स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं ने मतदान केंद्र तक पहुंचाया। महिलाओं की लंबी कतार इस बात का संकेत थी कि वे राजनीतिक निर्णयों में अब पीछे नहीं, बल्कि आगे बढ़कर भागीदारी निभाने के लिए तैयार हैं।


वोटिंग के लिए महिलाओं की लंबी कतार रही


स्वयंसेवकों ने बुजुर्गों की मदद की


ग्राम उमरगांव में दूल्हे राजा पहुंचे मतदान करने


भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस मतदान के दौरान पूरे क्षेत्र में सक्रिय रहे


चाय, नाश्ता के टेंट में लगी रही भीड़

### चुनाव शांतिपूर्ण रहा, पुलिस व्यवस्था रही सख्त

मतदान प्रक्रिया के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मतदान केंद्रों पर सुरक्षाबलों की तैनाती से किसी भी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासन की सतर्कता के चलते चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुआ।

### चाय-नाश्ते की रही व्यवस्था

नगरी ब्लॉक के विभिन्न मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में चहल-पहल बनी रही। प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने मतदाताओं के लिए चाय, पानी और नाश्ते की व्यवस्था की, जिससे मतदान केंद्रों के बाहर एक मेला जैसा माहौल बन गया।

### जब दूल्हे राजा बने बूथ में केंद्र बिंदु

ब्लॉक के उमरगांव में एक अनूठा दृश्य देखने को मिला, जब शादी के सेहरे में सजा एक दूल्हा अपनी बारात निकलने से पहले मतदान केंद्र पहुंचा। परिजनों के साथ आए इस नवविवाहित युवक ने पहले मतदान किया और फिर विवाह की रस्म निभाने गया। मतदान केंद्र पर मौजूद अधिकारी और अन्य मतदाता भी इस नजारे को देखकर हैरान रह गए। इस दूल्हे की लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता ने अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित किया।

### बीजेपी जिलाध्यक्ष ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

चुनाव के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस नगरी ब्लॉक के विभन्नि मतदान केंद्रों का दौरा करते रहे। उन्होंने बूथों की स्थिति का जायजा लिया और भाजपा कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

### 102 ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिए हुआ मतदान

नगरी जनपद क्षेत्र में कुल 102 ग्राम पंचायत में सरपंच और पंच पदों के लिए मतदान हुआ। इनमें से 10 ग्राम पंचायतों में सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए, जबकि 1378 पंच पदों में से 829 पर पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका था। शेष 92 सरपंच पदों और 549 पंच पदों के लिए मुकाबला हुआ। मतदान के लिए 249 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनमें से कई स्थानों पर सुबह से ही भीड़ देखने को मिली। चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जनपद क्षेत्र को 17 सेक्टरों में विभाजित किया गया, जिनमें 41 रूट चिन्हांकित किए गए और 275 मतदान दलों की तैनाती की गई।

### लोकतंत्र की असली ताकत गांवों में ही बसती है

पंचायत चुनाव में नगरी ब्लॉक के मतदाताओं ने अपने जोश और लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का परिचय देकर यह साबित कर दिया कि लोकतंत्र की असली ताकत गांवों में ही बसती है! मतदान प्रक्रिया में 102 ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों की भागीदारी से यह स्पष्ट हो गया कि ग्रामीण अब जागरूक हो चुके हैं और अपने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तैयार हैं।

### मतदान के बाद अधिकांश जगहों पर मतगणना

मतदान समाप्त होने के बाद अधिकांश मतदान केंद्रों में मतगणना शुरू हो गई थी। हालांकि, अतिसंवेदनशील क्षेत्र ग्राम पंचायत करही, रिसगांव, खल्लारी सहित वनांचल क्षेत्र के कई गांवों में मतगणना आज सुबह 9 बजे से शुरू होगी। समाचार लिखे जाने तक 13 मतदान दल मतगणना केंद्र पहुंच चुके थे। 6 मतदान दल नगरी श्रृंगी ऋषि हाई स्कूल के लिए रवाना हो चुके थे। 19 मतदान दल अभी भी अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में मतदान केंद्रों से बाहर निकलने की प्रक्रिया में थे।

# भाजपा की सरकार बनना तय : जिपं धमतरी में 10 में से 8 सीटों पर कब्जा

■ कुरूद जनपद में 22, धमतरी जनपद में 18 और मगरलोड में 15 सीटों पर भाजपा की जीत

■ कार्यकर्ताओं की मेहनत से पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

जिला पंचायत चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 में से 8 सीट पर जीत दर्ज कर अपना दबदबा कायम रखा है। जिला पंचायत धमतरी में भाजपा की सरकार बनना तय दिख रही है। कुरूद जनपद पंचायत की 25 सीटों में से 22, धमतरी जनपद पंचायत की 25 में से 18 और मगरलोड जनपद पंचायत की 23 में से 15 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त की। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने हमारे सवांददाता को बताया कि भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी जिपं क्षेत्र क्रमांक 1 से श्रीमती पूजा सिन्हा, जिपं क्षेत्र क्रमांक 2 से श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़, जिपं क्षेत्र क्रमांक 3 से गौकरण साहू, जिपं क्षेत्र क्रमांक 5 धनेश्वरी साहू, जिपं क्षेत्र क्रमांक 7 से मोनिका देवांगन, जिपं क्षेत्र क्रमांक 8 से मीना साहू, जिपं क्षेत्र क्रमांक 9 से टीकाराम कंवर, जिपं क्षेत्र क्रमांक 10 से श्रीमती अनीता ध्रुव निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व तथा नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा, पूर्व



विधायक इंदर चोपड़ा, श्रीमती रंजना साहू, श्रीमती पिंकी शाह, श्रवण मरकाम की कुशल रणनीति का परिणाम रहा। जिले में भाजपा को इतनी बड़ी उपलब्धि मिल रही है। इस जीत में सबसे बड़ी भूमिका कार्यकर्ताओं की है और जनता के स्नेह की है।

श्री बैस ने आगे कहा कि भाजपा की सरकार धमतरी जिला पंचायत, जनपद पंचायत कुरूद, जनपद पंचायत धमतरी और जनपद पंचायत मगरलोड में पूर्ण बहुमत से बनने जा रही है। यह जीत भाजपा के सभी कर्मठ, जुझारू और जोशीले कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। पार्टी की विचारधारा, मोदी की गारंटी और राज्य की विष्णुदेव सरकार की विकास योजनाओं को जनता तक पहुंचाया, जिसका नतीजा ऐतिहासिक जीत के रूप में सामने आया है। प्रकाश बैस ने क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि शेष बची हुई जिला पंचायत सीटों पर भी भाजपा के प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरेगी और विकास कार्यों को प्राथमिकता देगी।

# अखंड मानसपाठ एवं रामकथा महोत्सव 25 से

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम तरसींवा में 25 फरवरी से तीन दिवसीय अखंड मानस पाठ एवं रामकथा महोत्सव का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम के लिए 25 मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। शुभारंभ अवसर के अतिथि अखिलेश पाठक, सरोज यादव, वासुदेव निर्मलकर, परमेश्वरी गिरी गोस्वामी होंगे।

द्वितीय दिवस के मुख्य वक्ता डा. रोशन उपाध्याय, अतिथि झामित सिन्हा, दीपेश्वरी साहू, अशोक पवार होंगे। समापन अवसर के अतिथि पं. राजेश शर्मा, राजू चंद्राकर, सत्यनारायण मित्तल, भीमराज जैन, पिंटू डागा, मयंक नागवंशी, विकास साहू, पुरूषोत्तम साहू होंगे।

# हार और जीत सिक्के के दो पहलू : रंजना



■ जीत से चूके भाजपा पार्षद प्रत्याशियों ने पूर्व विधायक से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नगर पालिक निगम धमतरी में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी जो अपने वार्ड में पार्षद चुनाव में जीत से चूक गए थे। उन सभी ने पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू से उनके निवास में मुलाकात की। श्रीमती साहू ने उन सभी को निराश नहीं होने तथा अपने कार्यक्षेत्र का एक हिस्सा मानकर हार के आगे जीत है के साथ अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की बात कही। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि हार नहीं मानूंगा रार नहीं ठानूंगा यह भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के विचार थे। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए आगे बढ़े। हार और जीत सिक्के के दो पहलू हैं, जिसमें एक की हार होती है और एक जीतता है।

# भाजपाइयों ने सीएम के दीर्घायु की कामना की



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नगर भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमराज सोनी, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ रायपुर संभाग प्रभारी महावीर चोपड़ा, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश साहू, मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा हिरवानी, भाजपा मंडल के पिछड़ा मोर्चा महामंत्री दिलीप पटेल, अनिल साहू, हुमन यादव, गजानंद साहू ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में भेंटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु की कामना की।

# दानीटोला में आदिवासी समाज के भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

आदिवासी समाज दानीटोला, महिमासागर वार्ड के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व विधायक निधि से निर्मित आदिवासी समाज सामाजिक भवन दानीटोला का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर समाज द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा आंगादेव के संरक्षण में पूरे वार्ड में निकाली गई व श्री सत्यनारायण पूजा के साथ महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज प्रमुख संत राम ध्रुव, तीरथ ध्रुव, केशव ध्रुव, श्यामलाल नेताम, सुन्दर मंडावी, घनाराम नेताम, ललित ध्रुव, सीमा ध्रुव, फुलेशर ध्रुव, शिव नेताम, बुधारू मंडावी व वार्ड पार्षद अज्जू देशलहरे उपस्थित थे।





## गायत्री परिवार ने किया प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

**कोर्रा(भखारा)।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन गैलेक्सी हायर सेकेंडरी भखारा किया गया। इस दौरान गायत्री परिवार के सदस्य सविता साहू, पदमा साहू सीमा साहू, टीकाराम साहू द्वारा परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने विद्यार्थी अन्नपूर्णा साहू, हर्षित साहू एवं आहूजा बैस को मैडल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य जानकी साहू, दुलौरीन साहू, रोशनी, विजय लक्ष्मी, तमिल साहू समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

## बाजार कुर्रीडीह स्कूल में दसवीं के छात्रों को दी विदाई

**धमतरी।** शा. हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। दसवीं के कुछ छात्रों ने अपने स्कूली जीवन के अनुभव भी साझा किए। विदाई कार्यक्रम में दसवीं के बच्चे भावुक होते नजर आए। प्राचार्य अभयराम ध्रुव ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी। विदाई कार्यक्रम में दसवीं के विद्यार्थियों को भेंटस्वरूप पेन दिए गए। व्याख्याता नायक ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। परीक्षा की तैयारी कैसे करनी है, किस प्रकार प्रश्नों को हल करना है, परीक्षा काल के दौरान तनाव नहीं लेना है, प्रश्नों को समझ कर अंक विभाजन के अनुसार उत्तर लिखना, किसी भी प्रश्नों को छोड़ना नहीं है, आदि बातें उन्होंने समझाई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

रायपुर के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर
25 फरवरी, दिन: मंगलवार, शिव मेडिकल कारगिल चौक, कुरूद में परामर्श हेतु उपलब्ध
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
चिकित्सा एवं जांच शिविर
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
किडनी एवं मूत्र रोग : पेशाब नली मे सिकुड़न (Uritheral Stricture)
क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है? पेशाब नली मे सिकुड़न (Uritheral Stricture), प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH), UTI बार-बार इंफेक्शन Pus Cell बनना | मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर धार, बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना | ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है | अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी,पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना यौन कमजोरी (इच्छा न होना) शुक्राणु की कमी Erectile Dysfunction)
गठियावात (अर्थराइटिस), न्यूरोपैथी (नशों में दर्द)
(RA Factor Positive) • युरिक एसिड का बढ़ना • लकवा • स्ट्रोक • स्लिप डिस्क • रीढ़ की हड्डी में दर्द • सयाटिका • न्यूरोपैथी (नशो में दर्द, जलन, झुनझुनी)
• L-4, L-5 नशो में दबाव के कारण अकड़न, चलने में दर्द, झुनझुनी एवं शून्यपन |
जर्मन दवाईयों पर 20% छूट
ECG (हार्ट की जांच) BMI (हड्डी की जांच) मोटापे की FREE जांच
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581

online Booking:-www.tripuryatra.com
दार्जिलिंग गैंगटोक
9 दिन
25 मार्च से 02 अप्रैल, 08 अप्रैल से 16 अप्रैल
05 मई से 13 मई, 05 जून से 13 जून 2025
हिमालयन रेवले, टाईगर हील, बतासिया लुप, दार्जिलिंग रोपवे, नाइटिंगले पार्क, रूमटेक मॉनिस्ट्री, गनेश टॉक, हनुमान टॉक, एम.जी. मार्केट, नाथुल्ला पास, चांगू लेक, बाबा हरभजन टेम्पल
राशि:-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)